304 (Old Syllabus) | II |

Total No. of Questions – 16
Total No. of Printed Pages - 4

Regd. No. | | | | | | | | | | |

Part – II
Hindi, Paper – I
(Second Language)

Time : 3 Hours] [Max. Marks : 100

सूचनाएँ : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(2) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

खण्ड – 'क' (60 अंक)

1. निम्नलिखित किसी एक पद्यांश का भावार्थ लिखिए : 1 × 6 = 6

गो–धन गज–धन, बाजि धन और रतन धन खान ।
जब आवत संतोष धन, सब धन धूरि समान ।।

अथवा

सब देश विद्या–प्राप्ति को सतत यहाँ आते रहे
सुरलोक में भी गीत ऐसे देव–गण गाते रहे ।
हे धन्य भारतवर्षवासी धन्य भारत वर्ष है,
सुरलोक से भी सर्वथा उसका अधिक उत्कर्ष है ।।

2. किसी एक कविता का सारांश लिखिए : 1 × 8 = 8
(1) वर दे वीणावादिनी वर दे
(2) वीर

3. किसी एक पाठ का सारांश लिखिए : 1 × 8 = 8
(1) जगाने का अपराध
(2) अमर शहीद भगतसिंह

4. किसी एक कहानी का सारांश लिखिए : 1 × 8 = 8
1. बड़े भाई साहब
2. जीती बाजी की हार

5. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 5 = 10$

(a) जब तू आया जगत में, लोग हँसे तू रोए ।
ऐसी करनी न करी, पाछे हँसे सब कोए ।।

अथवा

तुलसी पावस के समै धरी कोकिला मौन ।
अब तो दादुर बोलि हैं हमें पूछि हैं कौन ।।

(b) आ जा बचपन ! एक बार फिर दे दे अपनी निर्मल शांति ।
व्याकुल व्यथा मिटानेवाली वह अपनी प्राकृत विश्रांति ।।

अथवा

पीसा जाता जब इक्षु-दण्ड
झरती रस की धारा अखण्ड,
मेहँदी जब सहती है प्रहार
बनती ललनाओं का सिंगार

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दो गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 5 = 10$

(1) ये लाठियाँ मुझ पर नहीं ये तो ब्रिटिश साम्राज्य पर पड़ी हैं ।

(2) प्रसिद्ध पुरुषों की जीवनियों को पढ़ने से ही नहीं, वरन् उन प्रसिद्ध पुरुषों के चरित्रों के अनुकरण करने से जीवन में पूर्णता आती है ।

(3) दीनता से कहा, "घर में कई नौकर-चाकर हैं । मेरे लिए दो मुट्ठी आटा भारी न होगा । मैं भी आपकी सेवा करती हुई पड़ी रहूँगी ।"

(4) इन बच्चों ने, बहन, इन बच्चों ने हमे मलेच्छ और काफिर से भाई बहन बना दिया ।

7. एक शब्द में उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(1) तुलसीदास का अमर काव्य कौन सा है ?

(2) बैरी शब्द का अर्थ क्या है ?

(3) विपत्तियाँ किसको दहलाती हैं ?

(4) बचपन का आनंद कैसे होता है ?

(5) महत्ता शब्द का अर्थ बताइए ।

8. एक शब्द में उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(1) आत्म-निर्भरता निबन्ध के निबन्धकार कौन हैं ?

(2) भगतसिंह किनका पोता था ?

(3) पति की मृत्यु के बाद आभागी स्त्री कहाँ जाना चाहती है ?

(4) रुद्रमदेवी के पिता का नाम क्या है ?

(5) रतना के मकान में कौन आग लगाता है ?

खण्ड – 'ख' (40 अंक)

9. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5

छुट्टी माँगते हुए प्रधानाचार्य के नाम पत्र लिखिए ।

अथवा

पैसे माँगते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

10. किन्हीं पाँच शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

(1) उदय (5) कड़वा

(2) आशा (6) जन्म

(3) अमृत (7) रात

(4) गुण (8) स्वर्ग

11. किन्हीं पाँच शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए : 5 × 1 = 5

(1) उननति (5) बारत

(2) आँक (6) हमेसा

(3) इमलि (7) लेकक

(4) चांद (8) धम्र

12. किन्हीं पाँच शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

(1) अश्व (5) ईश्वर

(2) इच्छा (6) कमल

(3) असुर (7) आनंद

(4) आग (8) आँख

13. किन्हीं पाँच पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

(1) Annual (5) Departmental

(2) Assembly (6) Ambassador

(3) Cashier (7) Chairman

(4) Identity Card (8) News Editor

14. कारक चिह्नों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5 × 1 = 5

(1) मेज ______ पुस्तकें रखी हैं ।

(2) मेरी कलम जेब ______ है ।

(3) पेड़ ______ फल गिर गए ।

(4) राम ______ रोटी खाई है ।

(5) पुस्तक ______ वहाँ रख दो ।

15. सूचना के अनुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए : 5 × 1 = 5

(1) मामाजी लंदन गए । (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर पूरा वाक्य लिखिए ।)

(2) घोड़ा तेज दौड़ता है । (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए ।)

(3) गोपाल अनपढ़ लड़का है । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है ?)

(4) नौकरानी काम कर रही है । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है ?)

(5) वह दान करेगा । (वर्तमान काल में लिखिए ।)

16. किन्हीं **पाँच (5)** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5 × 1 = 5

(1) राम पाठशाला जा रहा हूँ ।

(2) वह ऊब आया ।

(3) तुम तुम्हारे घर चले जाओ ।

(4) वह दान दिया ।

(5) राम रावण मारा ।

(6) खुब लड़के पढ़ते हैं ।

(7) वह सबसे सुन्दरतम है ।

(8) उनका दर्शन हुआ ।

(9) मैं पाठ पढ़ेगा ।

(10) राम पाठशाला जाती है ।